हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 15 मई 2025

तापमान
अधिकतम 42.3 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

12 तस्करी का भंडाफोड़, 2.50 करोड़ की हेरोइन जब्त



12 मां त्याग व समर्पणता का प्रतीकः आशा दीदी



## खबर संक्षेप

### नौ लाख का टैक्स 12 हजार किया, केस दर्ज

**पानीपत।** सीएम फ्लाइंग ने पानीपत नगर निगम में कर्मचारी का फर्जीवाड़ा पकडा है। सीएम फ्लाइंग ने वर्ष 2023 में इस मामले की जांच शुरू की गई। वहीं, जांच पूरी होने के बाद सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में करनाल सीएम फ्लाइंग के राज सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दिलबाग निवासी गांव महमदपुर का ज्योति कॉलोनी बरसत रोड पर 160 वर्ग गज का कॉमर्शियल प्लॉट है। इसकी नगर निगम में नई प्रॉपर्टी आईडी बना जेनरेट हो गई है। जबकि पुरानी प्रॉपर्टी आईडी पर टैक्स का 9 लाख 72 हजार रुपए बकाया था। नगर निगम में सहायक के पद पर तैनात सोनू ने प्लाट मालिक दिलबाग से मिलकर इस जुलाई 2023 में नई प्रॉपर्टी बना दी। प्रॉपर्टी आईडी पर बकाया टैक्स 9.72 लाख को खत्म करके 12 हजार 672 रुपए कर दिया। सोनू ने जमीन मालिक दिलबाग से मिलीभगत करके निगम को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया है।

### युवक से 40 लाख की ठगी का आरोपी पकड़ा

**समालखा।** थाना समालखा पुलिस टीम सोनीपत के महमुदपुर निवासी सुमित पुत्र बिजेंद्र को अमेरिका भेजने के नाम पर 40 लाख रूपए की ठगी करने के आरोपी रविंद्र को पानीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। पुलिस टीम ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ठगी के अन्य मामले में पानीपत जेल में बंद था। थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया आरोपी के कब्जे से ठगी गई राशि में से 6500 रूपए बरामद कर बुधवार को रिमांड अवधी पूरी होने पर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

### पति लापता, पत्नी ने केस दर्ज करवाया

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा के सौ नंबर चौक क्षेत्र निवासी मनोरंजन दास संदिग्ध हालात में लापता हो गया। मनोरंजन की पत्नी सुनीता देवी की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने 28 वर्षीय मनोरंजन दास की गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। पुलिस की जांच में पता चला कि मनोरंजन अपने साथ 20 हजार रुपए, आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी ले गए हैं।

### युवक से मारपीट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना माडल टाउन पुलिस ने इदगाह रोड पर युवक का रास्ता रोककर चोट मारने के दो आरोपियों अनुराग उर्फ गोगी व आर्यन निवासी इदगाह कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। थाना माडल टाउन प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगमिंद्र ने बताया कि इस मामले में इदगाह कॉलोनी निवासी रामरूप की शिकायत पर केस दर्ज है।

# तिरंगे से अटे बाजार, भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा बोली भारत को कमजोर समझने की भूल न करे पाकिस्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पूर्व मंत्री गोयल बोले, जवानों ने 25 की हत्या के बदले 100 आतंकियों का किया खात्मा

भारतीय सेना की जीत व सम्मान के लिए बुधवार को अंबाला शहर के जगाधरी गेट पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा की अगुवाई राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने की। इस यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर शैलजा सचदेवा, पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की पूर्व सदस्य नीता खेड़ा, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वीनू गर्ग विशेष तौर पर मौजूद रही। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अन्य लोगों ने भारी संख्या में शामिल होकर भारत मां की जय, वंदे मातरम के जयघोष से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओप-प्रोत हो गया। तिरंगा यात्रा जगाधरी गेट से शुरू होकर आर्य चौक होते हुए शौर्य चौक में आकर संपन्न हुई। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने इस मौके पर बताया कि भारतीय सेना की जीत व सम्मान के रूप में यह तिरंगा यात्रा पूरे भारतवर्ष में निकाली जा रही है। बीते कल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला से इस यात्रा का शुभारंभ किया था। इस यात्रा के माध्यम से हम भारतीय सेना जिसमें वायुसेना, आर्मी व नेवी है उन्हें हम सैल्यूट करते हैं जिन्होंने पाकिस्तान में घुसकर उन्हें मुहतोड़ जवाब दिया है। उनके छक्के छुड़वाए हैं। हमारी सेना ने 26 लोगों की मौत का बदला कई सौ आतंकियों को मौत के घाट उतारकर लिया है। भारतीय सेना का यह आतंकवाद को मुहतोड़ जवाब है।



**अंबाला।** तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### शहीद सैनिकों को नमन

इस घटना में जो हमारे वीर सैनिक शहीद हुए हैं, हम उन परिवारों को भी नमन करते हैं। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि भारत कमजोर देश नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने सेना को फ्री हैंड किया है, यदि पाकिस्तान ने दोबारा गल्ती की तो उसका नामोनिशान नहीं रहेगा। भारत किसी से डरने वाला नहीं है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पराक्रम (सेनाओं) को सैल्यूट करने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पूरे भारतवर्ष में यह यात्रा निकाली जाएगी और जिस प्रकार भारत आगे बढ़ रहा है उसी प्रकार लोग भी इस यात्रा में भारी संख्या में शामिल होकर देशभक्ति का परिचय भी दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जितनी भी लड़ाइयां लड़ी गई उसमें अंबाला हमेशा ही आगे रहा है। 1857 की चिंगारी सबसे पहले अम्बाला से शुरू हुई थी। हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे यहां पर राफेल के साथ-साथ आधुनिक एयरबेस के साथ-साथ हमारी सेनाएं आधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं। प्रदेश का क्षेत्रफल 2 प्रतिशत है लेकिन हमारी सेनाओं मे जो जवान देशसेवा कर रहे हैं, वो भारत की सेनाओं का 10 प्रतिशत है। हम सेना के जवानों को सैल्यूट करते हैं जो सरहदों पर 24 घंटे पहरा देकर हमारी रक्षा कर रहे हैं। हम जो चैन की नींद सोते है वो उनकी बदौलत है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने साफ कहा है कि पाकिस्तान से अब सीधी बात पीओके पर होगी। आतंकवाद के साथ टयूरिज्म नहीं चलेगा। भारत अब कमजोर देश नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का आगाज हो चुका है। यदि पाकिस्तान ने कोई औछी हरकत की तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। शौर्य चौक पर राज्यसभा सांसद व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल के साथ-साथ यात्रा में शामिल लोगों ने सैल्यूट कर सेनाओं का सम्मान भी किया।

### बड़ी संख्या में महिलाओं ने लिया हिस्सा

जगाधरी गेट से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से सभी में देशभक्ति का संचार किया। भारी संख्या में शामिल होकर लोगों ने इस यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया। मंडल प्रधान अमन सूद, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, दिनेश लदाणा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला महामंत्री कर्मचंद सिंह गोल्डी, विवेक गुप्ता, एडवोकेट संदीप सचदेवा, एडवोकेट नम्रता गौड़, भाजपा पदाधिकारी राजेश मेहता, सुंदर ढींगरा, संजीव गोयल टोनी, अनुभव अग्रवाल, मदन लाल शर्मा, यतिन अग्रवाल, मनीष आनंद मन्नी, मोनिका मल, अतुल आहुजा, रिचा पाहवा, मोनिका कालड़ा, जसमेर राणा, सरदूल सिंह, फकीर चंद, पिंकू सूद, सुरेंद्र टोबा, रमेश पाल नोहनी, शोभा पूनिया, सीए रोहित गुप्ता, गुरप्रीत साना भी मौजूद रहे।

# बिना लेन-देन के अपने नाम करवाई जमीन की रजिस्ट्री

## गांव साबापुर में आठ कनाल 13 मरले जमीन का रहन नामा रद करवाकर की धोखाधड़ी

- चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव साबापुर में आठ कनाल 13 मरले जमीन का रहन नामा रद्द करवाकर बिना लेन देन के रजिस्ट्री करवाने के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार सरस्वती कॉलोनी जगाधरी निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी व उसके भाई विजेंद्र कुमार की गांव साबापुर में ढ़ाई एकड़ जमीन मुस्तरका खाता की है। इस जमीन का कुछ हिस्सा हरियाणा ग्रामीण बैंक साबापुर के पास आड रहन है। जितेंद्र ने बताया कि उसका भाई विजेंद्र नशे की लत के कारण बुरी संगत में आ गया है। विजेंद्र कुमार ने उस जमीन में से आठ कनाल 13 मरले जमीन को बिना कब्जे के बकाना निवासी इंद्रजीत के पक्ष में आड रहन करवाया था।

इस आड रहन के अनुसार सात लाख की राशि के लिए गिरवी रखा गया था। इसके साथ ही दो प्रतिशत बयाज तय किया गया था। 13 जुलाई 2021 को इस आड रहन डीड को रद्द करवा दिया गया। इसके बाद इसी दिन विजेंद्र कुमार द्वारा यह जमीन अमनदीप को 18 लाख रुपये में बेच दी गई। जमीन को बेचने के लिए दोनों पार्टियों में बीच कोई लिखित बयाना नहीं हुआ और न ही नकद प्राप्त की गई एक लाख रुपये की कोई रसीद है। इसके बाद विजेंद्र के एचडीएफसी बैंक के अवलोकन में पाया गया कि 12 जुलाई 2021 को यह अकाउंट खोला गया। इस अकाउंट में आरोपी अमनदीप द्वारा अलग-अलग करके कुछ राशि जमा करवाई गई।

मगर इसके अगले ही दिन यह राशि निकाल ली गई। इसके बाद इस अकाउंट में कोई लेन देन नहीं हुआ। करीब तीन साल तक अमनदीप द्वारा सेल डीड के आधार पर अपने नाम इस जमीन का न तो इंतकाल करवाया और न ही कोई कब्जा लिया। पांच फरवरी 2024 को यह जमीन अमनदीप द्वारा उर्मिला देवी को बेच दी गई।

### आरोपियों ने नशे की लत का फायदा उठाया




आरोपियों ने विजेंद्र कुमार की नशे की लत का फायदा उठाते हुए पहले उस जमीन को रहन नामा करवाया और फिर रहन नामा रद्द करवाकर उसी दिन बिना लेन देन के अपने नाम रजिस्ट्री करवाकर धोखाधड़ी की है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अमनदीप सिंह, जगदेव सिंह, इंद्रजीत सिंह व गुलशन के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# दलित पंच की पत्नी को पीटा, आठ पर केस दर्ज

- गांव ग्वालडा में पंचायती भूमि को लेकर चल रहा है विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के गांव ग्वालडा में पंचायती जमीन को लेकर चल रहा विवाद बढ़ गया है। गांव के आठ लोगों पर दलित वर्ग के पंच प्रवीण के घर में घुस कर उनकी पत्नी निशा देवी से मारपीट के आरोप में इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है।

ग्वालडा में पंचायती जमीन का विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। वर्तमान सरपंच दीपक, जो अपने पिछले कार्यकाल में इस विवाद को सुलझाने में सफल रहे थे, को गांव वालों ने दोबारा मौका दिया था। हालांकि, वर्तमान में 12 पंचों में से 9 पंच उनके विरोध में हैं, जिससे तनाव बढ़ गया है। इधर, निशा के साथ मारपीट के आरोप में मनमीत, संदीप, अंकित, ओमप्रकाश, श्रीओम, प्रदीप, राजेश और अमित पर केस दर्ज किया है।

इधर, थाना इसराना के प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की, जिसमें पंचायती जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी की पुष्टि हुई है। निशा देवी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वेबसाइट से निवेश करवाकर युवक से ठगे एक करोड़ 16 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

साइबर ठगों ने वेबसाइट के माध्यम से निवेश करवाकर थापर कॉलोनी निवासी अंकुश कुमार से एक करोड़ 16 लाख रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थापर कॉलोनी निवासी अंकुश कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास एक दिन एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसे कोनेक्स वीआईपी 6 डॉट कॉम में पैसे निवेश करने की बात कही।

आरोपी ने उसे कहा कि वेबसाइट में पैसा निवेश कर वह अच्छा मुनाफा कमा सकता है। वह आरोपी की बातों में आ गया। इसके बाद उसने आरोपी पर विश्वास करके उसके द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर में अलग-अलग तारिख में एक करोड़ 16 लाख 60 हजार रुपये निवेश कर दिए। मगर इसके बाद उसे कोई प्रोफिट नहीं दिया गया।

इसके बाद आरोपियों ने उसे और अधिक पैसे निवेश करने की बात कही। उसे जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कुरुक्षेत्र : अमीन रोड पर मीट की दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- नप की टीम को देखते ही दुकानदारों में हड़कंप मचा

अमीन रोड पर स्थित मीट की दुकानों को नगर परिषद की टीम ने सील कर दिया। नगर परिषद की टीम बुधवार को दोपहर ईओ राजेश कुमार की अध्यक्षता में मौके पर पहुंची।

मौके पर जेसीबी, नगर परिषद के ट्रैक्टर ट्राली सहित पुलिस टीम भी मौजूद रही। नगर परिषद की टीम को देखते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। नगर परिषद के अधिकारियों ने दुकानदारों से मीट की दुकानें हटाने के आदेश दिए। दुकानों को हटाने का कुछ दुकानदारों ने विरोध भी किया। दुकानदारों का कहना है कि उन्हें मीट की दुकानें हटाने बारे कोई नोटिस तक नहीं दिया गया। वही नगर परिषद थानेसर के ईओ राजेश कुमार ने बताया कि दुकानदारों को कई बार नोटिस दिया जा चुका है बावजूद इसके मीट के दुकानदारों ने दुकानें नही हटाई। कहा कि कुरुक्षेत्र एक होली सिटी है इसलिए शहर में मीट की दुकाने नही खोली जा सकती है। ईओ ने बताया कि आसपास के लोगों ने मीट की दुकानें हटाने बारे शिकायत दी थी जिस पर कार्रवाई करते हुए आज 8 से 10 मीट की दुकानों को सील किया गया।

बता दें कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र को 7 साल पहले होली सिटी घोषित किया गया था। इसके बावजूद शहर की परिधि में अवैध तरीके से बेरोक-टोक मांस बेचा जा रहा था। इसे लेकर स्थानीय लोग कई बार रोष जता चुके है। इस मार्ग पर ब्रह्माजी का मंदिर है, विद्यालय और महाभारतकालीन अदिति वन है। इस मार्ग पर अवैध रूप से मीट मांस की दुकानें होने से आसपास रह रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नप टीम की कार्रवाई पर आसपास के लोगों ने प्रशासन का आभार जताया है।



**कुरुक्षेत्र।** अमीन रोड पर मीट मांस की दुकान को सील करते नप कर्मी।

## खाद-बीज विक्रेताओं ने करोड़ों की जमीन कब्जाई

# सरकारी जमीन पर कब्जा, थमाए नोटिस

- किसानों की सुविधा के लिए छोड़ी गई थी मार्केटिंग बोर्ड की जगह, बना दी स्थायी दीवारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा की नई अनाज मंडी में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मार्केटिंग बोर्ड) की करोड़ों रुपये की जमीन पर खाद-बीज विक्रेताओं द्वारा अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले की जानकारी मिलते ही मार्केटिंग कमेटी के अधिकारियों ने सक्रियता दिखाते हुए संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिए हैं और अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए हैं।

नई अनाज मंडी में किसानों की सहूलियत के लिए मार्केटिंग कमेटी द्वारा खाद और बीज विक्रेताओं को निर्धारित फड़ (प्लॉट) अलॉट किए गए थे। इन दुकानों के सामने लगभग 10-10 फुट चौड़े बरामदे इसलिए छोड़े गए थे ताकि किसान वहां बैठ सकें और उनके ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। लेकिन अब सामने आया है कि कई विक्रेताओं ने इन बरामदों पर ही ईंटों से स्थाई दीवारें खड़ी कर दी हैं।

इतना ही नहीं, दुकानों के आगे की खाली जमीन पर भी लगभग 20-20 फुट तक अस्थाई ढांचे बनाकर कब्जा कर लिया है। इस वजह से मंडी में ट्रैफिक जाम, अव्यवस्था और किसानों व दुकानदारों के बीच झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

किसानों ने बताया कि बरामदे व खाली जगह का उपयोग आराम व इंतजार के लिए होना था, लेकिन अब वह भी दुकानदारों द्वारा कब्जा लिए जाने से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। खाद-बीज विक्रेता संघ के प्रधान कुलदीप बांगड़ ने भी माना है कि कुछ दुकानदारों द्वारा किए गए कब्जे गलत है। इन पर कार्यवाही होनी चाहिए।

### किसानों को हो रही भारी परेशानी

किसान जो खाद-बीज लेने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ मंडी पहुंचते हैं, उन्हें पार्किंग की जगह नहीं मिलने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रॉली खड़ी करने की जगह न होने से मंडी परिसर में जाम लग जाता है और कई बार आपसी कहासुनी व झगड़े की नौबत आ जाती है।

### कार्रवाई की चेतावनी

मार्केट कमेटी के सचिव चंद्र प्रकाश ने बताया कि मंडी में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की सूचना मिलने के बाद संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। यदि वे स्वेच्छा से कब्जा नहीं हटाते हैं तो विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### व्यापार हो रहा प्रभावित

जहां एक ओर किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कई दुकानदार भी इन अवैध कब्जों से परेशान हैं। जिन दुकानदारों ने अपने बोर्ड आगे बढ़ाकर करीब 20-20 फुट की दूरी तक लगा दिए हैं, उनकी वजह से अन्य दुकानों के बोर्ड व पहचान ढक जा रहे हैं। इससे उनके व्यापार पर असर पड़ रहा है।

### मंदिर से चोरी मामले में एक और आरोपी धरा 1.5 किलो चांदी बरामद

**पिहोवा।** पुलिस ने मंदिर से चोरीशुदा चांदी की मूर्ति को गलाने के आरोपी कमल वासी बैसन खेडा जिला उन्नाव यूपी हाल वासी अम्बाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 1.5 किलो चांदी बरामद करने में सफलता हासिल की है।

4 मई 25 को थाना सदर पेहवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में दीपक गिरी ने बताया कि वह श्रीउश्नेश्वर महादेव मंदिर सतोड़ा में महंत है। 4 मई की दोपहर में चोरों ने मंदिर में रखे दानपात्र व मंदिर के अंदर शिव की पिंडी पर लगी लगभग 2 किलोग्राम चांदी चोरी कर ली है। जिसकी शिकायत पर थाना सदर पेहवा में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 द्वारा की गई थी। 11 मई 25 को उप निरीक्षक सुधीर की टीम ने मामले में प्रवीन कुमार उर्फ अमन वासी भागल जिला कैथल को गिरफ्तार कर लिया था।

# बच्ची से छेड़छाड़ करने के दोषी को 3 साल की कैद

- दोषी युवक पर 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा भी सुनाई
- अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगाधरी रंजना अग्रवाल ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



दस वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने वाले आरोपी को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगाधरी रंजना अग्रवाल की अदालत ने तीन साल की कैद व 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

बिलासपुर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह 27 सितंबर 2024 को अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ बाजार गई थी। जब वह वापस घर लौट रहे थे तो बिलासपुर निवासी बलविंद्र ने उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें की। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया था।

मामले की जांच एएसआई कोमल को सौंपी गई। जिन्होंने गंभीरता से साक्ष्य जुटाए और वैज्ञानिक जांच के साथ चार्जशीट अदालत में पेश की। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी बलविंद्र को दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद व 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

### फेल होने पर 10वीं की छात्रा ने जान दी

**करनाल।** दसवीं कक्षा में दो पेपरों में फेल होने पर एक छात्रा ने जान दे दी। छात्रा ने मंगलवार को नहर पर जाकर पहले एक बुजुर्ग से पूछा था कि अंकल यह नहर कितनी गहरी है। इसमें कुछ सामान फेंकना है। इसके बाद कुछ दूर चलकर छात्रा ने नहर में कूदकर जान दे दी थी।

गौताखोरों की मदद से छात्रा का शव नहर से निकाल लिया है और पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। सदर थाना प्रभारी तरसेम कांबोज के अनुसार मंगलवार दोपहर को एक छात्रा के नहर में कूदने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर छात्रा को नहर से निकाल लिया था लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। छात्रा के शव को कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कालेज के शव गृह में रखवा दिया था। रात को करीब दस बजे छात्रा की शिनाख्त शिव कालोनी निवासी पायल के रुप में हुई थी। परिजनों से जानकारी मिली की छात्रा दसवीं कक्षा में पढ़ती थी।

# मानसून से पहले पूरा करें सीवरेज और नालों की सफाई का काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

ट्विन सिटी में बरसाती पानी की निकासी को लेकर नालों व सीवरेज की सफाई का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने निगमायुक्त अखिल पिलानी के साथ बरसाती पानी की निकासी को लेकर किए जा रहे कार्य का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को पांच जून से पहले सीवरेज व नालों की सफाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, जिन स्थानों पर नालों पर कब्जा है उन्हें हटाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सबसे पहले शहर के जगाधरी खारवन रोड के नजदीक बनाए गए सीवरेज का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र के पानी की निकासी की जानकारी ली। इसके बाद उपायुक्त पार्थ गुप्ता अन्य अधिकारियों के साथ जगाधरी की शांति कॉलोनी पहुंचे। यहां जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवर क्लीनिंग मशीन द्वारा सीवरेज की सफाई का कार्य किया जा रहा था। इसके बाद उन्होंने बुड़िया में पहुंचकर खारवन रोड पर निगम द्वारा नवनिर्मित नाले का जायजा लिया।डीसी ने आसपास के लोगों से पानी की निकासी की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।



◆ डीसी पार्थ गुप्ता ने निगमायुक्त अखिल पिलानी के साथ शहर में की जा रही बरसाती पानी की निकासी के कार्य का किया निरीक्षण

## समस्या का स्थाई समाधान करें अधिकारी

■ प्रशासनिक अमले साथ शहर में निकले जिला उपायुक्त

लोगों ने बताया कि पहले यहां जलभराव की समस्या थी। सड़क पर पानी जमा रहता था। लेकिन निगम का नाला बनने के बाद इस समस्या का समाधान हुआ है। लेकिन अभी आसपास खाली प्लाटों में पानी जमा रहता है। निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज व दीपक सुखीजा ने बताया कि जल्द ही इस समस्या का भी स्थाई समाधान किया जाएगा। बुड़िया के बाद उपायुक्त पार्थ गुप्ता व निगमायुक्त अखिल पिलानी अधिकारियों के साथ जगाधरी के मच्छी मार्केट के पास डोल वाली पुलिया पर पहुंचे। यहां निगम द्वारा जेसीबी व कर्मियों के माध्यम से नाले की सफाई का कार्य किया जा रहा था। डीसी व निगमायुक्त ने नक्शे के माध्यम से क्षेत्र के नालों की जानकारी ली। इसके बाद उपायुक्त ने पेपर मिल 200 क्वार्टर पर पहुंचे।

यहां भी निगम द्वारा नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद उपायुक्त ने निगमायुक्त समेत अन्य अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर बरसाती पानी की निकासी के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लेकर दिशा निर्देश दिए। मौके पर उप निगम आयुक्त कुलदीप सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग के एमई दीपक सुखीजा, एमई मुनेश्वर भारद्वाज, जेई नरेश दहिया, सीएसआई हरजीत सिंह, सीएसआई सुनील दत्त, सीएसआई अनिल नैन, एसआई सचिन कांबोज व एसआई बिट्टू इत्यादि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### एक व्यक्ति से कुरेशिया भेजने के नाम पर की 2.11 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** कुरेशिया भेजने के नाम पर गांव भंभोली निवासी रविंद्र कुमार से दो लाख 11 हजार रुपये हड़प लिए गए। रविंद्र कुमार अपने लड़के तरसेम को कुरेशिया भेजना चाहता था। आरोप अमित कुमार, नीटू व गौरव पर लगा है। आरोपियों ने कुरेशिया में पीआर करवाने का झांसा दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव भंभोली निवासी रविंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का तरसेम कुमार पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में था। इस दौरान उसकी अमित कुमार से मुलाकात हुई। अमित ने उसे बताया कि वह नीटू व गौरव के साथ मिलकर लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसके लड़के को कुरेशिया भेज देंगे। वहां पर उसे अच्छा रोजगार मिल जाएगा। इसके साथ ही वह उसकी पीआर भी करवा देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उससे दो लाख 11 हजार रुपये और उसके बेटे तरसेम का पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने उसके लड़के को जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से अपने पैसे व दस्तावेज वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम पर दूसरे दिन भी स्कूलों में जश्न का माहौल

# न्यू हैप्पी स्कूल का सीबीएसई बोर्ड का 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल (चांदपुर) यमुनानगर का सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र गगनप्रीत सिंह ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉप किया है। बुधवार को स्कूल की प्रिंसीपल डॉ. बिंदु शर्मा व स्टाफ सदस्यों ने दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहने पर बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई और शुभकॉमनाएं दी।

स्कूल प्रिंसीपल डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि स्कूल के छात्र गगनप्रीत सिंह ने 98.2 प्रतिशत, रमनप्रीत सिंह ने 97.6, राजबीर सिंह ने 96.4, कार्तिक सिंह व उमंग ने 93, शिवम मौर्य ने 92, तेजवीर सिंह ने 91.8, अदिति जुयाल ने 91.6, गरिमा ने 91, भक्ति ने 91, जनवी ने 90.6, आंशिका ने 89.6, कीर्ति ने 89.2, अर्जुन सैनी ने 89, सोवि कुमार ने 88.8, अनंत राणा व तनिष्का ने 88.6, नैतिक गौतम ने 88, यशिका कुमारी ने 87.4, आदित्य ने 86.8, मोक्ष ने 86.4, जपलीन कौर ने 86.4, करनजोत सिंह व राजवीर कश्यप ने 86, अंश बावा ने 85.4, श्रीश मिश्र ने 85.4, अंजली उनियाल ने 84.8, सार्थक कांबोज ने 84.2 और जैसमीन कौर ने 84 प्रतिशत अंक अर्जित किए।



#### विषयानुसार अर्जित अंक

स्कूल की प्रिंसीपल डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि अंग्रेजी विषय में राजबीर सिंह ने 99, तेजवीर सिंह ने 96, कार्तिक सिंह ने 94, भक्ति ने 93, जानवी व जपलीन कौर ने 93, उमंग व अर्जुन सैनी ने 92, गगनप्रीत सिंह, रमनप्रीत सिंह, शिवम मौर्य व अदिति जुयाल ने 91, तनिष्का, साहिल शर्मा व जसलीन ने 90 अंक प्राप्त किए। वहीं, हिंदी विषय में रमनप्रीत ने 97, गगनप्रीत सिंह ने 95, तनिष्का ने 90, उमंग ने 94, भक्ति ने 94, कार्तिक सिंह ने 93, अदिति जुयाल ने 92, जाह्नवी व जिया ने 91, सुनिधि सहाय व रोहनी यादव ने 90 अंक प्राप्त किए। जबकि गणित विषय में गगनप्रीत ने 100, रमनप्रीत सिंह ने 99, राजबीर सिंह ने 98, आदित्य ने 96, उमंग व शिवम ने 95, कार्तिक सिंह ने 93, आंशिका व यशिका कुमारी ने 92 और अदिती जयुयाल ने 91 अंक प्राप्त किए।

विज्ञान विषय में गगनप्रीत सिंह ने 100, राजबीर सिंह ने 98, रमानप्रीत सिंह ने 96, अदिति जुयाल ,तेजवीर सिंह व अनंत राणा ने 92, कार्तिक सिंह, गरिमा, आंशिक, कीर्ति, अर्जुन सैनी व करनजोत सिंह ने 91 अंक प्राप्त किए। सामाजिक विज्ञान में गरिमा व नैतिक गौतम ने 95, उमंग और सोवि कुमार ने 94, गगनप्रीत सिंह,रमानप्रीत सिंह, राजबीर सिंह व शिवम मौर्य ने 93, कामधेनु कुमारी ने 92, कार्तिक सिंह, तेजवीर सिंह, अदिति जुयाल, भक्ति, जान्हवी, अंशक, अनंत राणा, आदित्य, जपलीन कौर, जसनूर कौर माही व नियति ने 91 तथा आदित्य सिंह ने 90 अंक प्राप्त किए। इनफार्मेशन टेक्नॉलजी विषय में रमनप्रीत सिंह ने 99, अनंत राणा ने 98, तेजवीर ने 97, गगनप्रीत सिंह ने 96, राजबीर सिंह, गरिमा, सोवि कुमार व यशिका कुमारी ने 95, कार्तिक सिंह व श्रीश मिश्र ने 94, कीर्ति व तनिष्का ने 93, शिवम मौर्य ने 92, अदिति जुयाल,जपलीन कौर, करनजोत सिंहए,सार्थक कांबोज व शौर्य प्रभाकर ने 91, उमंग, भक्ति, अंजली उनियाल व जसनूर कौर माही ने 90 अंक प्राप्त किए। जबकि पंजाबी विषय में गगनप्रीत सिंह ने 100, रमनप्रीत सिंह ने 97, कीर्ति ने 91, जैसमीन कौर ने 90 व अर्णव शर्मा ने 76 अंक प्राप्त किए।

#### प्राचार्या ने खिलाई मिठाई

प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने परीक्षा में टॉप करने वाले बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। मौके पर स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा व सचिव विकास शर्मा ने विद्यार्थियों की इस सराहनीय उपलब्धि पर उन्हें व उनके अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होने कहा कि यह सफलता बच्चों के कठिन परिश्रम का ही परिणाम हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### » दसवीं में तनवी स्कूल टॉपर, प्राप्त किए 96% अंक



छात्रा तनवी।



छात्रा देवशी।



छात्रा चेष्टा।

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर (रादौर) का सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहने पर बच्चों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने बताया कि सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में 11 बच्चों ने मेरिट में स्थान हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि छात्रा तनवी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, देवशी शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व चेष्टा ने 93 प्रतिशत अंक हासिल करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। सूचना एवं तकनीकी विषय में देवशी व तनवी ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं चेष्टा ने 99, गुरिंदर कौर ने 98, सारांश सांगवान ने 97, नैतिक चानना ने 95, भूमिका व अनमोल ने 93, राधिका ने 92 व केशव लालर ने 90 अंक प्राप्त किए। वहीं, हिंदी विषय में देवशी ने 95, तनवी ने 95, चेष्टा ने 91 अंक हासिल किए। अंग्रेजी विषय में तनवी ने 92 अंक हासिल किए। जबकि विज्ञान में देवशी ने 96, चेष्टा ने 91 व तनवी ने 90 अंक हासिल किए। सामाजिक विज्ञान में देवशी ने 96, तनवी, भूमिका व चेष्टा ने 92, गुरिंदर ने 90 अंक हासिल किए। गणित विषय में तनवी ने 97 व चेष्टा ने 95 अंक हासिल किए। वहीं, पंजाबी विषय में जय सिंधवानी ने 96 अंक प्राप्त किऐ। स्कूल के बेहतरीन परीक्षा परिणाम पर स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थियों ने झूमकर एक दूसरे को शुभकामनायें दी। स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल व महासचिव संजीव अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए सभी बच्चे, स्टाफ सदस्य व अभिभावक बधाई के पात्र हैं। भविष्य में भी ग्लोब हेरिटेज फेमिली शैक्षणिक क्षेत्र के साथ साथ हर क्षेत्र में बेहतरीन परिणामों व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



### रिटायरीस एसोसिएशन ने पेंशनर्स के लिए लगाया सहायता शिविर

**यमुनानगर।** आल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीस एसोसिएशन द्वारा पीएनबी की शाखा इंदिरा मार्केट जगाधरी में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक लक्ष्मण दास मेहरा उपस्थित हुए। शिविर में एसोसिएशन के सदस्यों को पेंशन लेने में आ रही समस्याओं का समाधान किया गया।

एसोसिएशन के सर्कल प्रधान चमन लाल कैंसे और उप प्रधान अनिल प्राशर ने मुख्य अतिथि लक्ष्मण दास मेहरा को शाल भेंट करके उनका स्वागत किया। इस दौरान लक्ष्मण दास ने कहा कि एसोसिएशन इस प्रकार के शिविर लगाकर अपने सदस्यों की सेवा कर रही है। चमन लाल कैंसे ने कहा कि यमुनानगर जिले में एसोसिएशन के 370 सदस्य पेंशन फैमिली पेंशन ले रहे हैं। एसोसिएशन ने एक अभियान के रूप में मुहिम चलाई है कि सभी पेंशनर के पेंशन पैमेंटे ऑर्डर चेक किये जाएं ताकि किसी प्रकार की कोई अनियमितता न रह जाए। इसी उपलक्ष में आज शिविर लगाया गया। शिविर में 47 सदस्यों ने अपने दस्तावेज ठीक करवाए। मौके पर एसोसिएशन के चेयरमैन विनोद तनेजा, रंधीर गर्ग, बीएल सैनी, आरसी बनवाल, धर्मपाल कमल, रुलिया राम, अशोक कुमार, बीबी जैन, सुखदेव कुमार, व अनिल प्रसार इत्यादि मौजूद रहे।

### युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ पांच वर्ष तक किया दुष्कर्म, केस

**यमुनानगर।** जिले एक गांव में युवक द्वारा शादी का झांसा देकर युवती के साथ पांच वर्ष तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने युवती को करीब पांच माह किराए के मकान में रखा। इसके बाद भी आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 27 वर्षीय युवती ने बताया कि यूपी सहारनपुर के गांव मैनपुरा निवासी बिलाल के साथ जान पहचान थी। आरोपी ने उसे प्यार में फंसाया। दिसंबर 2020 में युवक गांव में उससे मिलने आया। जहां पर आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे एक गांव में मकान किराए पर ले लिया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ रखा और उसके साथ संबंध बनाए। उसके मना करने पर आरोपी जल्द शादी करने की बात कहता व शादी की कहने पर टाल मटोल करने लगा। फिर उसे पीटकर निकाल दिया।

## राष्ट्रीय हड़ताल में भाग लेंगे रिटायर्ड कर्मी

■ विभिन्न संगठनों ने 20 को किया है हड़ताल का आह्वान।

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फैडरेशन जिला कार्यकारिणी की बैठक कार्यालय दशहरा ग्राउंड में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिला प्रधान जोत सिंह ने की व संचालन जिला सचिव सोमनाथ ने किया। बैठक में ट्रेड यूनियन के आह्वान पर 20 मई की देश व्यापी हड़ताल में शामिल होने पर चर्चा की गई।

जिला प्रधान जोत सिंह ने बताया कि पेंशन वित्त अधिनियम 2025 को रद्द करवाने, पुरानी पेंशन बहाल करवाने, सरकारी विभागों में दो वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम प्राइवेट लिमिटेड को भंग करने व अन्य लंबित मांग मुद्दों को लेकर विभिन्न विभागों से रिटायर्ड कर्मचारी 20 मई की देशव्यापी हड़ताल में बढ़चढ़कर भाग लेंगे। केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर रोष मार्च निकालकर अपना विरोध प्रकट करेंगे। बैठक में मुख्तयार सिंह, तीर्थ राम ऋषि, सतीश राणा, जरनैल चनालिया, यशपाल सिंह, काकू हुसैन, मेहताब सिंह, भुवनेश्वर दत्त व राजिंदर प्रसाद मौजूद रहे।




## दलहनी व तिलहनी फसलें उगा बढ़ाएं भूमि की उपजाऊ शक्ति

**यमुनानगर।** कृषि विज्ञान केंद्र दामला के तत्वावधान में गांव बकाना में बुधवार को मूंग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को दलहनी व तलहनी फसलों की पैदावार से होने वाले लाभ की जानकारी दी। डॉ. संदीप रावल ने किसानों को अनाज वाली फसलों के साथ दलहनी और तिलहनी फसलों को भी शामिल करने की सलाह दी। दलहनी व तिलहनी फसलें भूमि की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करती हैं। दलहनी फसलें वायुमंडलीय नाइट्रोजन को पादप उपयोगी बनाती हैं और जड़ों में राइजोबियम जीवाणु गांठें बनाकर नाइट्रोजन स्थिरीकरण में मदद करती हैं। इससे उर्वरकों की आवश्यकता कम होती है और किसानों का अतिरिक्त खर्च बचता है।

## विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल का होना जरूरी

■ जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में एक्सपर्ट लेक्चर कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज. रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के सीएसई विभाग की साइबर सिक्योरिटी क्लब के तत्वावधान में एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में आईआईआईटी सोनीपत के फैक्लटी इंचार्ज डॉ. भूपेश सिंह भाटी शामिल हुए। जिसमें संस्थान के 89 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

डॉ. भूपेश सिंह भाटी ने विद्यार्थियों को डिजिटल फॉरेंसिक की आधुनिक तकनीकों, साइबर क्राइम की बढ़ती घटनाओं और इनसे निपटने में फॉरेंसिक की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समय के साथ तकनीकी कौशल विकसित करने व लगातार नई टेक्नोलॉजी सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एक लाइव डिजिटल फॉरेंसिक हैंड्सऑन सेशन भी कराया। जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। मौके पर कॉलेज के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने डॉ. भूपेश सिंह भाटी का धन्यवाद किया और भविष्य में भी संस्थान से जुड़े रहकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, डॉ. नवदीप चोपड़ा, डॉ. भावना शर्मा व डॉ. गगनप्रीत आदि मौजूद रहे।






यमुनानगर। नाचरौन आंगनबाड़ी केंद्र में औचक निरीक्षण करते एसडीएम।

### एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र नाचरौन का किया औचक निरीक्षण, संतोषजकन मिला पोषाहार

**रादौर।** आंगनबाड़ी केंद्र नाचरौन में रादौर के एसडीएम नरेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जांच की। मौके पर उन्होंने बच्चों की उपस्थिति व विभाग से संबंधित रजिस्टरों की जांच कर निर्देश दिए। एसडीएम अचानक नाचरौन स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंच गए। उन्होंने मौके पर आंगबाड़ी केंद्र की कार्यप्रणाली समेत तमाम व्यवस्थाओं की जांच की। आंगनबाड़ी में बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार समेत तमाम व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। सीडीपीओ कुसुमलता ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर छह वर्ष तक के बच्चों को पोषाहार दिया जाता है और उनके सर्वांगीण विकास को लेकर अलग अलग गतिविधियां करवाई जाती हैं। गर्भवती महिलाओं व किशोरियों के स्वास्थ्य से जुड़ी कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका लाभ उनको नियमित रूप से दिया जाता है। विभाग का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को योग्य लाभपात्रों तक पहुंचाना है। इसके अलावा लिंगानुपात में सुधार की दिशा में भी विभाग की ओर से विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर सुपरवाइजर वंदना कांबोज, ललतेश कांबोज व मीना कांबोज आदि मौजूद रही।

### युवक ने महिला से सोने की बालियां, अंगूठी ठगी

**यमुनानगर।** रादौर के जाट नगर में युवक महिला को बातों में उलझा उससे सोने की बालियां व अंगूठी ठग कर ले गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जाट नगर निवासी संतोष कुमारी ने बताया कि 13 मई को शाम वह घर पर थी। इसी दौरान एक युवक घर आया व उसे बातों में उलझा लिया। आरोपी ने कहा कि उसे अपने परिवार के सदस्यों के लिए बालियां व अंगूठी बनवानी है। उसकी कानों की बालियां व सोने की अंगूठी का डिजाइन बहुत अच्छा है। वह अगर उसे अपनी अंगूठी व बालियां दे दे तो वह सुनार के पास जाकर यह डिजाइन दिखा देगा। इसके बाद उसकी अंगूठी व बालियां वापस कर देगा। इस दौरान उसने आरोपी को अपनी सोने की बालियां व अंगूठी उतार कर दे दी। इसके बाद आरोपी वापस नहीं लौटा।

### डीसी ने बैठक में अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा

# निर्धारित अवधि में काम पूरा करवाएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाले की सफाई के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाएं। ताकि बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना, डीआरडीए, आईडब्ल्यूएमपी योजना के तहत विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत दिसंबर 2025 तक सभी गांवों को ओडीएफ प्लस करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने डीडीपीओ को गांव में साफ. सफाई का कार्य और कूड़े के उचित तरीके के निपटान के लिए निर्देश दिए। पीएम आवास योजना ग्रामीण योजना के तहत सर्वे का कार्य चल रहा है।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में विकास कार्यों को आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो: हरिभूमि।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 15 मई तक आवेदन कर सकते है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारी को सभी अनाज मंडियों में सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एमपी लैंड योजना अमृत सरोवरों के बारे में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नेशनल हाइवे अथॉरिटी द्वारा यमुनानगर से पंचकूला हाईवे पर करेड़ा खुर्द में फ्लाईओवर बन कर तैयार हो गया है तथा थाना छप्पर में फ्लाईओवर का कार्य जून तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे द्वारा कैल, जगाधरी से ताजेवाला फोरलेन हाईवे बनाया जा रहा है।

जिसका कार्य नवंबर तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, वन विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, बिजली बोर्ड, सिंचाई विभागए लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मौके पर नगर निगम के आयुक्त अखिल पिलानी, सीयूटी सुमन यादव, जिला परिषद के सीईओ वीरेन्द्र सिंह ढुल, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता पुनीत मित्तल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गर्ल्स हास्टल में देवयानी भवन का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गर्ल्स हास्टल में देवयानी भवन में निरीक्षण किया व हॉस्टल में छात्राओं के साथ बैठकर दोपहर का लंच भी किया। इस अवसर पर उनके साथ चीफ वार्डन प्रो. कुसुमलता तथा वार्डन डॉ. अनीता चौधरी भी मौजूद थे। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के साथ-साथ उनको हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयुर्टेक सेमिनार आज

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 15 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आयुर्टेक इनोवेशन इन आयुर्वेदिक टेक्नोलॉजी विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह आयोजन आधुनिक तकनीक और पारंपरिक आयुर्वेद के समन्वय को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बी. वी. रमना रेड्डी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### कुवि ने घोषित किए 17 परीक्षाओं के परिणाम

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 17 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बी.एड (4 वर्षीय एकीकृत) पहला सेमेस्टर, तीसरा सेमेस्टर, पांचवां सेमेस्टर व सातवां सेमेस्टर, बी.ए. (ऑनर्स) पहला सेमेस्टर (एनईपी) मेजर इन इकोनॉमिक्स, बी.ई.सी. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सातवां सेमेस्टर, एम.टेक. सिविल (स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग) पहला सेमेस्टर आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए।

### कुरुक्षेत्र मॉडल स्कूल के बच्चे परीक्षा में छाए

**कुरुक्षेत्र।** सी.बी.एस.ई. द्वारा घोषित किए गए कक्षा 10 तथा 12 परीक्षा परिणामों के तहत कुरुक्षेत्र मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक अर्जित किए। कुरुक्षेत्र मॉडल पब्लिक स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। स्कूल विद्यार्थी आदित ने स्कूल में टॉप किया है और 92 प्रतिशत मार्क्स लिए हैं। इन बच्चों ने अपने माता-पिता के नाम के साथ-साथ स्कूल कुरुक्षेत्र मॉडल पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल संचालिका निशि गुप्ता ने कहा कि स्कूल स्टाफ और बच्चो की मेहनत रंग लायी बच्चो ने जहाँ अपने अभिवावकों का सर ऊंचा किया वही स्कूल का नाम भी रोशन किया है।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों ने निकाली विजय तिरंगा यात्रा

# ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम की विजय गाथा: प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य, साहस, पराक्रम और समर्पण की विजय गाथा है। भारतीय सेनाओं ने वैश्विक मंच पर अपनी ताकत दिखाकर सटीकता व संयम का परिचय दिया। आपरेशन सिंदूर ने न सिर्फ आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया, बल्कि दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश भी दिया। भारत ने दुनिया को बताया कि आतंक के खिलाफ कहीं भी, कभी भी कार्रवाई होगी। बिना किसी सैन्य ठिकाने और रिहायशी क्षेत्र को निशाना बनाए सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग की ओर से राष्ट्र प्रथम के समर्थन में एक अभियान के तहत भारत की आतंकवाद पर जीत के उपलक्ष्य में आयोजित विजय तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए व्यक्त किए। यह विजय तिरंगा यात्रा कुलपति कार्यालय के प्रांगण से भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे नारों के साथ आरंभ हुई और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, शाखाओं, संस्थानों, पुस्तकालय, आईआईएचएस, डीन बिल्डिंग व अन्य कई स्थानों से होकर निकली जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आप्रेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के राष्ट्रीय संकल्प, सैनिकों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता को विश्व पटल पर स्थापित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव, आत्मसम्मान और वीरता का उत्सव है। यह तिरंगा यात्रा उन वीर सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने दुश्मन को उसकी भाषा में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक अपनी सेना के सम्मान में खड़ा है। यह यात्रा देशवासियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करेगी और आम जनमानस को यह संदेश देगी कि हमारा राष्ट्र अपने हर नागरिक के सम्मान और सुरक्षा के लिए सतर्क है।



**कुरुक्षेत्र।** विजय तिरंगा यात्रा में शामिल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

### 'भारत माता की जय' के गूंजे नारे

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित विजय तिरंगा यात्रा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी, यूथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवक, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी व कर्मचारियों ने भारत माता की जय की नारों का उद्घोष किया जिससे पूरा विश्वविद्यालय कैम्पस भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। सभी ने भारत की आतंकवाद पर जीत का उत्सव मनाकर देश के वीर सैनिकों को नमन किया। विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय सेना की बहादुरी की गाथा गाई। इन स्लोगन में शौर्य की स्याही से लिखा गया वो नाम, ऑपरेशन सिंदूर बना भारत का विजय अभियान सहित अन्य कई राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत स्लोगन शामिल रहे।

### ये रहे मौजूद

विजय तिरंगा यात्रा में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, डीन आफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर चौधरी, प्रो. डी.एस. राणा, प्रो. रमेश भारद्वाज, प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. प्रदीप मित्तल, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. रीटा, प्रो. कुसुमलता, प्रो. महाबीर रंगा, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. कृष्णा, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. निरूपमा भट्टी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, डॉ. राजरतन, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. नीरज बातिश, डॉ. पूजा, डॉ. राजेश राजौंद, डॉ. रितु सैनी, लेफिट्नेंट डॉ. अजय जांगड़ा, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर, महासचिव रवीन्द्र तोमर, सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा, डॉ. जितेन्द्र जांगडा सहित शिक्षक, विद्यार्थी व कर्मचारी मौजूद थे।

## रक्तदान करने से शरीर में एक नई ऊर्जा का होता है संचार : नेहा सिंह



**कुरुक्षेत्र।** रक्तदाता को गीता भेंट करतीं उपायुक्त नेहा सिंह।

- उपायुक्त नेहा सिंह व कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने गीता ज्ञान संस्थानम में किया रक्तदान शिविर का उदघाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदान करने से व्यक्ति के शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है तथा स्वास्थ्य भी ठीक रहता है, इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम आए इससे बड़ी कोई बात नहीं हो सकती है। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को गीता ज्ञान संस्थानम् में श्रीकृष्ण कृपा परिवार व जीओ गीता युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष पर थैलिसिमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में बोल रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह, केयू के कुलपति प्रो. सचदेवा ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

### *शिविर में 101 लोगों ने किया रक्तदान*

*इस शिविर में 101 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।ब् लड बैंक में हमेशा पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहे तथा लोगों को जरूरत पडने पर आसानी से रक्त मिल सके, इसके लिए हमें समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान के पश्चात 90 दिन के बाद लोगों के शरीर में फिर नया रक्त संग्रह हो जाता है। इसलिए लोगों को रक्तदान करने से कभी घबराना नहीं चाहिए और रक्तदान कर लोगों की जान बचानी चाहिये, क्योंकि रक्तदान से ही हम एक-दूसरे की मदद कर लोगों की जान बचा सकते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा पुन्य का कार्य है, इसे महादान भी कहा जाता है। इस महादान के लिए समाज के हर व्यक्ति को तत्पर रहना चाहिए। इस रक्तदान से किसी अनजान व्यक्ति की जान को बचाया जा सकता है। समाजसेवी विजय नरूला ने सभी का स्वागत किया।*

## पेयजल पाइप लाइन पर खर्च किया जाएगा 25 करोड़ का बजट : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्रस्ताव तैयार

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से थानेसर शहर में पीने के पुरानी पाइप लाइन को बदलने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस शहर में विभाग की तरफ से 77.94 किलोमीटर डीआई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इस परियोजना पर लगभग 25 करोड रुपए का बजट खर्च किया जाएगा।अहम पहलु यह है कि पिपली और हरिनगर में लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए 3 नए टयूबल भी लगाएं जाएंगे। इस परियोजना को सरकार ने हरि झंडी दे दी है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सर्किट हाउस में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार इस परियोजना को अमलीजामा पहनाने को लेकर चर्चा की गई है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित गर्ग से थानेसर शहर में पीने के पाइप लाइन को बदलने की परियोजना पर विस्तार से चर्चा की और योजना के तमाम पहलुओं के बारे में बातचीत की। राज्यमंत्रत्री ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से पिपली, बीड पिपली के एरिया की गलियों में पीने के पाइप लाइन को बिछाया जाएगा।



## बाबा श्रवण नाथ स्कूल के 12वीं के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**पिहोवा।** भारतीय शिक्षा समिति द्वारा संचालित बाबा श्रवण नाथ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। विद्यालय में कुल 74 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 8 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। मेहर ने 89.4 प्रतिशत, स्नेहा 84.4 प्रतिशत, नैंसी 84.2 प्रतिशत, सोनल 84 प्रतिशत, गुरप्रीत 82. प्रतिशत, हरमनदीप 81 प्रतिशत, मुस्कान 80.6 प्रतिशत, स्नेहा 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## लेखन कौशल डॉक्यूमेंट्री स्क्रिप्ट राइटिंग की पहली सीढ़ी : गोदारा

### *केयू के जनसंचार संस्थान में डॉक्यूमेंट्री मेकिंग कार्यशाला का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में एक दिवसीय डॉक्यूमेंट्री मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्यूमेंट्री मेकिंग कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. साहिब राम गोदारा, ज्वाइंट डायरेक्टर (प्रेस) आईपीआरएल, हरियाणा ने कहा कि लेखन कौशल डॉक्यूमेंट्री स्क्रिप्ट राइटिंग की पहली सीढ़ी है। इसके लिए आपको बुनियादी बातों की पूरी समझ की आवश्यकता होगी। अपनी स्क्रिप्ट को सही तरीके से कैसे प्रारूपित और संरचित किया जाए। विद्यार्थियों को अपनी लेखनी पर अधिक जोर देना होगा क्योंकि लेखनी जितनी मजबूत होगी, उतनी ही आपकी सफलता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इसके लिए निरंतर लिखते रहना चाहिए, ताकि लेखन कौशल में महारत हासिल हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों को कंटेट राईटर, स्पीच राइटर की नियुक्तियों के लिए निकले अवसरों प्राप्त कर लाभान्वित होने के लिए आमंत्रित किया।




## नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम ने उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सुविधाएं

**लाडवा।** लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन आज गांव बरहान में पहुंची। गांव में दो स्थानों पर ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। गांव में 124 ओपीडी के साथ कई लैब टेस्ट हुए। कुल 142 लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। इस अवसर पर सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर ज्ञान सिंह कार्यकर्ता, जसविंदर सिंह सरपंच, रूपराम, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



**लाडवा।** लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते नवीन जिंदल फाउंडेशन के डॉक्टर।

## उदयन शालिनी कुरुक्षेत्र की शालीनियों ने 12वीं परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- सभी शालिनियों को प्रशंसा स्वरूप पानी की बोतलें भेंट की

यूएसएफ कुरुक्षेत्र केंद्र में बैच-18 की एचबीएसई 12वीं कक्षा के उत्कृष्ट परिणामों का उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया गया। इस वर्ष कुल 30 शालिनियों में से 29 ने शानदार प्रदर्शन किया, जिनमें 19 शालिनियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। तीनों संकायों में शालिनियों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। आर्ट्स स्ट्रीम से शिवानी ने 93% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, साइंस स्ट्रीम से पलक चहल ने 93.2% अंक अर्जित किए और कॉमर्स स्ट्रीम से नैन्सी ने 92.8% अंकों के साथ संकाय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। सलोनी ने ग्रह विज्ञान में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए व विद्यालय में तृतीय पोजीशन प्राप्त की। एक शालिनी पारिवारिक परिस्थितियों के चलते परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकी, लेकिन संस्था द्वारा उन्हें भविष्य में हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया है। इस अवसर पर सभी शालिनी यूएसएफ केंद्र में एकत्रित हुईं, जहाँ संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा और सह-संयोजक डॉ. राम निवास ने शालिनियों को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मिठाइयाँ वितरित की गईं और सभी ने मिलकर इस सफलता का जश्न मनाया। यूएसएफ कुरुक्षेत्र की ओर से सभी शालिनियों को प्रशंसा स्वरूप पानी की बोतलें भेंट की गईं।






## गीता निकेतन के 218 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा की उत्तीर्ण

**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के 248 परीक्षार्थियों में से 218 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें से 118 छात्रों ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया तथा 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में छात्रावासी छात्र वंश बंसल ने 96.6 प्रतिशत और विरल जैन ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में छात्रा अवनि मित्तल ने 96.6 प्रतिशत तथा कला संकाय में छात्र हर्षजोत ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने अपने संकाय में प्रथम रहकर विद्यालय के परीक्षा परिणाम को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के 17 विद्यार्थियों ने मास मीडिया विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। अर्थशास्त्र में अवनी मित्तल और अंशिका ने 99 अंग्रेजी विषय में छात्र आकाश और सात्विक अरोड़ा ने 98 अंक, संस्कृत विषय में छात्रा वर्णिका ने 98 अंक, कंप्यूटर साइंस में विरल जैन और अवनी मित्तल ने 98 अंक, गणित विषय में वंश बंसल ने 97, जीव विज्ञान में वंश बंसल ने 97, हिन्दी में माही और रिदम ने 96 अंक प्राप्त किए।

**कार्यक्रम**

## कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के त्रि-वार्षिक सम्मेलन में रखा लेखा-जोखा

# कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव बने रामलाल

### प्रोफेसर भीम सिंह दहिया ने केयू में पेंशन को लागू करवाया : डॉ. बाबूराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का त्रि वार्षिक सम्मेलन नॉन टीचिंग क्लब में प्रधान मानसिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर भीम सिंह दहिया पूर्व कुलपति कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर एमएल रंगा पूर्व कुलपति कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी रहे। पूर्व नियंत्रक डॉक्टर हुकम सिंह और एसोसिएशन के पैटर्न डॉ बाबू राम गुप्ता विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य ऑडिटर महावीर दहिया और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान जितेंद्र बंसल ने चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। प्रोफेसर भीम सिंह दहिया डॉक्टर एमएल रंगा को प्रधान मानसिंह, रामलाल महासचिव बाबू राम गुप्ता एवं डॉक्टर हुकम सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में संगठन के कोषाध्यक्ष रामकुमार जांगड़ा ने तीन साल का लेखा-जोखा रखा। रामलाल महासचिव ने गत तीन साल की गतिविधियों की रिपोर्ट रखी। जिसे आम सभा ने करतल ध्वनि से पास किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ बाबूराम गुप्ता ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में पेंशन लागू करने का श्रेय प्रोफेसर भीम सिंह दहिया को दिया जिन्होंने अपने कुलपति के कार्यकाल में चौधरी भजनलाल तत्कालीन मुख्यमंत्री से मिलकर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में पेंशन को लागू कराया।



### *पूर्व नियंत्रक ने सहयोग का दिया आश्वासन*

*पूर्व नियंत्रक डॉक्टर हुकम सिंह ने संगठन को सुचारु रूप से चलाने में अपने सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व कुलपति डॉक्टर एमएल रंगा ने पेंशनर्स वेलफेयर के लिए एक कल्याण कोष बनाने का सुझाव दिया। चुनाव अधिकारी महावीर दहिया ने सर्व समिति से प्रधान मानसिंह के चुनाव की घोषणा की। आमसभा ने प्रधान को कार्यकारिणी के गठन का अधिकार दिया। प्रधान मानसिंह ने वरिष्ठ उप प्रधान मुरारी लाल सैनी, उप प्रधान डॉ नफे सिंह, पोली राम, हीरा सिंह रावत व कमला देवी, महासचिव के पद पर रामलाल, सचिव राज रिखी, संगठन सचिव सुरेंद्र शर्मा, सचिव मुकेश शर्मा, प्रेस सचिव संत कुमार, कोषाध्यक्ष रामकुमार जांगड़ा ऑडिटर विजय पाल त्यागी और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ हवा सिंह , बलजीत सिंह, योगेश शर्मा, दर्शन पुरी, रामफल, यशपाल , भीम सिंह सैनी ,आजाद सिंह, अमरनाथ यादव, जय प्रकाश शर्मा, सतीश शर्मा, रामपाल सैनी हूंब लाल, श्रीमती कुलविंदर कौर वेद गजवानी, दलेल सिंह का प्रस्ताव रखा जिसे आम सभा ने सर्व समिति से पास किया।*

## निःशुल्क योग से हड्डी रोग का निवारण शिविर आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के युधिष्ठिर योग जिला के तत्वावधान में लोटस ग्रीन सिटी के पार्क में एक पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा हड्डी रोग निवारण शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के नवनियुक्त संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर, युधिष्ठिर जिला प्रधान सुमन तोमर, संगठन मंत्री रेखा गोयल, कोषाध्यक्ष रेनू जैन, जोन प्रधान कृष्णा पांचाल, केंद्र प्रमुख डॉ आर के पारिख एवं लाजपत गोयल सहित उपस्थित सभी ने मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।

## लव्य पांचाल ने 91.6% अंक प्राप्त कर मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में महाराणा प्रताप स्कूल के विद्यार्थी लव्य पांचाल ने 91.6% अंक लेकर विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन किया है। लव्य के पिता अमरजीत पांचाल शिक्षा विभाग में अध्यापक व माता पूनम पांचाल भारतीय जीवन बीमा में बीमा सलाहकार हैं। लव्य पांचाल ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अध्यापकों व परिवार के सदस्यों को दिया। उन्होंने बताया कि भविष्य में वे इससे भी ज्यादा अंक लेकर नॉन मेडिकल द्वारा जेईई में टॉप करने की तैयारी शुरू कर रहे हैं।

**पासकर्ता ग्राम पंचायत रत्नगढ़ ककराली**
**खंडः पिहोवा, जिला कुरूक्षेत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रत्नगढ़ ककराली की शामलात भूमि 28-02-19 एकड़ की खुली नीलामी वर्ष 2025-26 हेतु दिनांक 19.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे शिव मंदिर गांव में की जानी सूनिश्चित की है।

हस्ता/-सरपंच, पासकर्ता ग्राम पंचायत रत्नगढ़ ककराली
खंडः पिहोवा, जिला कुरूक्षेत्र
मो. 9996530555

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलविंद्र सिंह उर्फ कुली को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पहले भी चोरी के 8 मामले दर्ज हैं। दुर्गानगर के विकास कुमार ने 16 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसकी ई-रिक्शा की बैटरी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज नशीले कैप्सूल की तस्करी मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी अमित कुमार को 480 नशीले कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया है। उसे दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी आरोपी नशीले कैप्सूल की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने चंपा गार्डन शहजादपुर के पास रेड कर आरोपी को नशीले कैप्सूल के साथ काबू किया था। तब पकड़े गए आरोपी की पहचान नितिन के तौर पर हुई थी। अब इस मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को काबू किया है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी लक्की व लविश को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 28 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने छोटी घेल अंबाला शहर में स्थित उसके घर का ताला तोड़कर सोना-चांदी जेवरात चोरी किए है।


### आर्टिगा गाड़ी के जरिए चल रहा था नशा तस्करी का खेल

# तस्करी के बड़े मामले का भंडाफोड़, चार तस्करों से 2.50 करोड़ की हेरोइन जब्त

- तलाशी लेने पर मिली 380 ग्राम हेरोइन
- जगाधरी-पंचकूला नेशनल हाइवे पर सीआईए ने रेड कर पकड़े आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए वन ने हेरोइन तस्करी के बड़े मामले का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस सिलसिले में चार नशा तस्करों को काबू कर उनके कब्जे से 2.50 करोड़ कीमत की 380 ग्राम हेरोइन जब्त की है। अब पुलिस रिमांड के जरिए आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। हेरोइन जब्त करने की घटना जगाधरी- पंचकूला हाइवे पर बाबा मारकंडा पुल के पास के पास हुई। दरअसल सीआईए वन को सूचना मिली थी कि अंबाला में हेरोइन की बड़ी खेप पहुंच रही है। इसी आधार पर पुलिस ने नेशनल हाइवे पर नाकाबंदी कर आरोपियों को गाड़ी समेत काबू किया। आरोपियों में अंबाला छावनी की तेली मंडी का रहने वाला कृष, अजय कुमार व ग्वालमंडी के सुशील व विकास कुमार शामिल थे। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपियों के कब्जे से 380 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ बड़ा अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत चार आरोपियों को काबू किया गया है। उन्होंने कहा कि पकड़े गए आरोपी कृष के तार किसी बड़े तस्कर गिरोह से जुड़े हैं। इसी वजह से उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। पता चला है कि आरोपी नशा पदार्थ बेचने का कारोबार करते हैं। सूचना के बाद ये लोग कई दिन से पुलिस के राडार पर थे। पुलिस ने आरोपियों से एक अर्टिगा गाड़ी भी बरामद की है। इसी गाड़ी के जरिए नशा तस्करी हो रही थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुलाना थाने में नशीला पदार्थ तस्करी का केस दर्ज किया है।



**अंबाला।** हेरोइन तस्करी में पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### नशा तस्करों की जगह सिर्फ जेल में

नशा तस्करों को चेतावनी देते हुए कहा है कि नशा तस्कर नशे का कारोबार छोड़कर अच्छा कार्य कर अपने परिवार की देखभाल करें वर्ना नशा तस्करों के लिए जगह सिर्फ जेल की सलाखें हैं। उन्होंने नौजवानों से भी अपील करते हुए कहा कि वह नशे से दूर रह कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करे। अगर आपके आसपास कोई नशे की तस्करी का कार्य करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें।
-एसपी अजीत सिंह शेखावत

### 54 मामले किए गए दर्ज

एसपी ने बताया कि वर्ष-2025 में मादक पदार्थ के 54 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 82 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है। इन 54 मामलों में 6 मामले अफीम जिसकी मात्रा 2 किलो 169 ग्राम 200 मिलिग्राम व 8 किलो 140 ग्राम अफीम पौधे, हेरोइन के 22 मामलों में 2 किलो 485 ग्राम 350 मिलिग्राम, चूरापोस्त के 5 मामलों में 107 किलो 38 ग्राम, गांजा के 6 मामलों में 17 किलो 730 ग्राम, चरस के 3 मामलों 520 ग्राम, स्मैक के 4 मामलों में 59 ग्राम 153 मिलिग्राम तथा नशीली दवाओं के 8 मामलों में 24000 गोलियां व 9254 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए हैं।

### 1.430 किग्रा गांजा समेत बाइकर्स काबू

अंबाला। थाना मुलाना क्षेत्र सरकपुर रोड के पास से सूचना के आधार पर आरोपी हिमांशु उर्फ मनु को 1 किलो 430 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 3 दिन के रिमांड पर लिया है। 13 मई 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थ बेचने का कार्य करता है। वह मोटरसाईकिल पर मादक पदार्थ लेकर मुलाना से सरकपुर की तरफ जाएगा। पुलिस ने सरकपुर रोड के पास नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार आरोपी को काबू कर उससे 1 किलो 430 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी की पहचान हिमांशु उर्फ मन्नु के तौर पर हुई जोकि गांव बंबा का रहने वाला बताया जा रहा है।



### अनुष्का, साक्षी, निशा, सिया मेरिट में

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ के स्टूडेंट्स ने कक्षा 12 वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया और क्षेत्र में गौरव हासिल किया। विद्यालय की छात्रा अनुष्का ने 500 में से 424 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साक्षी और निशा ने 420-420 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सिया ने 408 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने अपने मेहनत और लगन से विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने विद्यार्थियों को विद्यालय में आमंत्रित कर मिठाई खिलाई और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी निरंतर मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय स्टाफ के सभी सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी और इस उपलब्धि को शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।


बराड़ा। स्कूल स्टाफ के साथ विद्यार्थी खुशी मनाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### निकिता और महक ने मारी बाजी

**बराड़ा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जफरपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 18 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी सफल घोषित हुए। विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की, जबकि 5 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। निकिता ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं महक ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं परिजनों का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से विद्यार्थियों के अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम कृष्ण अग्रवाल ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सफलता टीमवर्क, मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने समस्त स्टाफ का विशेष रूप से आभार प्रकट किया, जिनके प्रयासों से यह गौरवपूर्ण परिणाम संभव हो सका।



नारायणगढ़। मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य।

### दुष्यंत-जतिन ने गणित में लिए 100 अंक

**नारायणगढ़।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का कक्षा बारहवी का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमे कुल 86 विद्यार्थियो ने परीक्षा दी और इसमें सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की तथा 22 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर 79 विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उतीर्ण की ।इनमें रमणदीप (96.2प्रतिशत) वाणिज्य संकाय ,नूर धीमान (89.2 प्रतिशत )कला संकाय,निशिका (86 प्रतिशत )विज्ञान संकाय ,अमनप्रीत कौर (83.6 प्रतिशत ) मेडिकल संकाय में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुष्यंत ने गणित में 100 अंक, जतिन ने गणित में 100 अंक तथा दृष्टि तथा जसप्रीत कौर ने अकाउंट विषय में 100 अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक लेकर पास होने पर बधाई दी। प्रधानाचार्य रजनीश शर्मा एवं मुख्याध्यापिका मीनाक्षी गुप्ता ने कहा कि सभी विद्यार्थियों की मेहनत रंग लाई है और उन्होंने अपने विद्यालय का और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।


तहसीलदार को सम्मानित करती बीके बहन। फोटो : हरिभूमि

# मां त्याग व समर्पणता का प्रतीक: आशा दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मातृत्व से नेतृत्व अर्थात पारिवारिक एकता और विश्वास में महिलाओं का योगदान विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंबाला सब ज़ोन डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा मां प्यार का प्रतीक है। मां त्याग का प्रतीक है। मां तपस्या का प्रतीक है। मां समर्पणता का प्रतीक है। सर्वप्रथम हम आत्माओं के परमपिता परमात्मा धरा पर आकर प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा इस सृष्टि के निर्माण का कार्य करते हैं अर्थात हमारी प्रथम मां परमपिता परमात्मा है। परमात्मा हमें सर्वगुण संपन्न बनाते हैं। सर्वप्रथम देवियां चाहे ज्वाला देवी, चिंतपूर्णी देवी, दुर्गा देवी आदि देवियों का गायन भारत में ही होता है। हम सब उनके वंशज हैं इसीलिए हम देखते है कि नाम के आगे भी देवी लगाया जाता है। भले ही धन पुरुष कमाते हैं लेकिन धन लक्ष्मी से मांगते हैं। भले ही पुरुष पढ़ाते हैं लेकिन विद्या सरस्वती से मांगते हैं। पुरुष भले ही युद्ध लड़ते हैं लेकिन शक्ति दुर्गा से मांगते हैं। भारत इतना महान देश है जहां पर पहले लक्ष्मी फिर नारायण, पहले राधा फिर कृष्ण, पहले सीता फिर राम का गायन होता है। मां सर्विस वाली हो गई है इसलिए मां बच्चों को वह पालना नहीं दे पाती इसलिए बच्चे मोबाइल से ही बातें करते हैं।


नारायणगढ़। अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्या व स्टाफ।

### प्राची-हिमांशु ने किया नाम रोशन

**नारायणगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंजाला में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बच्चों को स्कूल में अध्यापकों द्वारा सम्मानित किया गया स्कूल इंचार्ज संजीव अग्रवाल ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्राची ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस बच्चे ने 500 में से 465 अंक प्राप्त किए द्वितीय स्थान हिमांशु ने 455 अंक प्राप्त किए तृतीय स्थान सानी ने 449 अंक प्राप्त किए। स्कूल मुखिया सुदेश कुमार ने बताया कि इन बच्चों ने विद्यालय का नाम तो रोशन किया है साथ ही अपने माता-पिता का नाम भी रोशन किया है। ग्राम सरपंच बेबी देवी ने बच्चों को भविष्य मे और तरक्की करने के लिए प्रेरित किया हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान सतनाम सिंह ने सभी अध्यापकों को बधाई दी जिनकी मेहनत और प्रेरणा से स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत आया।

### 21 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में पास की परीक्षा

नारायणगढ़। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर का 12 वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत । कुल 34 बच्चों में से 21 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। विद्यालय के होनहार छात्रों में शालू ने 398 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। पलक और जसविंदर कौर ने 397 अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रितिका ने 394 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य पूनम भारती ने बच्चों के शानदार परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यालय के अध्यापकों और बच्चों की मेहनत को दिया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।


महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# आरपीएस का सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के 10वीं कक्षा के 1212 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 12वीं कक्षा के 572 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। आरपीएस के कक्षा 10वीं में ध्रुव सिंगरोहा 99.60 प्रतिशत, गार्गी दलाल ने 99.40 प्रतिशत व रिशिका, अमीषी, वसुंधरा, वंदिता, सुहानी, लक्षिता ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का शिखर छुआ तो वहीं 12वीं कक्षा के अनुष्का रॉय व पर्व ने 99, हर्षिता यादव ने 98.8 प्रतिशत, पवन ने 98.6 प्रतिशत, वैष्णवी पाण्डेय 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी सर्वश्रेष्ठता की अमिट छाप छोड़ी। आरपीएस संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि कक्षा 10वीं के 8 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक, 77 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक, 169 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक, 284 विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत से अधिक, 434 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक एवं 1212 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणामों में पूरे विश्व में आरपीएस की सर्वश्रेष्ठता की झलक बिखेरी तो, वहीं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के 19 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक, 61 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक, 95 विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत से अधिक, 147 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 572 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे देश में अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया। आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन परिणामों की खान है।


अंबाला। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते वाले छात्र प्राचार्य के साथ।

### एमए पॉलिटिकल साइंस में जीएमएन कॉलेज के छात्रों का दबदबा, विवि में मिला प्रथम स्थान

अंबाला। अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज ने अपनी उत्कृष्टता की परंपरा को जारी रखते हुए एमए पॉलिटिकल साइंस के छात्रों ने 12वें वर्ष में भी विश्वविद्यालय में शीर्ष रैंक हासिल की। कोविड-19 महामारी के दौरान भी कॉलेज के छात्रों ने असाधारण लचीलापन दिखाया और 10 में से 9 विश्वविद्यालय पद हासिल किए। वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक सत्र में भी उत्कृष्टता की परंपरा जारी है। कॉलेज के छात्रों ने एमए तृतीय सेमेस्टर की अंत-वार्षिक परीक्षा में शीर्ष रैंक हासिल की। इनमें छात्र धर्मेंद्र कुमार को प्रथम अंकुर भसीन को तीसरा , शिवांगी को पांचवां ,काजल को सातवां रैंक मिला है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों और संकाय को हार्दिक बधाई दी। कहा, यह उपलब्धि हमारे छात्रों की मेहनत, समर्पण और हमारे संकाय के अटूट समर्थन का प्रमाण है। हमें उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता पर गर्व है। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डॉ. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल, जीएमएनसी ट्रस्ट व प्रबंधन के अध्यक्ष जसवंत जैन के साथ अन्य सदस्यों ने मेधावी छात्रों को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए शिक्षकों की सराहना की।

### पानी की समस्या है तो दर्ज करवाएं शिकायत, विभाग ने जारी किया नंबर

**अंबाला।** पेयजल की समस्या के समाधान के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने मोबाइल नंबर 9729120587 जारी किया है। इसके अलावा विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 पर भी पेयजल संबंधी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने बताया कि गर्मी के मौसम के मध्यनजर जन स्वस्थ विभाग पानी की सभी शिकायतों को बारीकी से देखता है। जिससे कि लोगों की पेयजल से सम्बंधित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके। जन स्वास्थ्य विभाग की सभी ऑनलाइन शिकायत केंद्र जैसे की सीपी ग्राम, सीएम.विंडो, जन संवाद, एसएनके, ऑनलाइन हल करता है।उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की ज्यादा खपत होने के कारण अस्थाई समस्याएं आती है। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हर तरह से शिकायत को दूर करने के लिए वचनबद्ध है।

**परिणाम** शैमफॉर्ड स्कूल बराड़ा ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया

### सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम

# 38 छात्रों ने मेरिट सूची में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड स्कूल बराड़ा ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन ने विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। कक्षा 10वीं में जैसमिन कौर ने 96.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनीं। उनके बाद पलकिन ने 96.2%, विधि और अक्षरा ने 95.4%, अरहन जैन व आरुषि ने 94.6%, अदित्य कुमार ने 93.6%, अराना ने 92.5%, हरमन सिंह और हरमन सेठी ने 92.4%, अक्षित ने 92.2% और द्विजा ने 90.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस बार विद्यालय के 38 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, वहीं 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गणित में जैसमिन कौर व अक्षरा (99), अंग्रेजी में अरहन जैन (94), हिंदी में जैसमिन कौर (97), विज्ञान में अक्षरा (99),सामाजिक अध्ययन में अक्षरा, आरुषि, पलकिन, विधि (97), सूचना प्रौद्योगिकी में पलकिन, विधि, आयुषि (96), पंजाबी में जैसमिन कौर (96) और पवनजोत सिंह (94)। अंक प्राप्त किये। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय से दमनप्रीत कौर ने 95.4% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में प्रयांगना ने 91.6% तथा वाणिज्य संकाय में प्रियांशी ने 90.2% अंक प्राप्त कर टॉप किया। दमनप्रीत कौर ने अर्थशास्त्र (98), व्यवसायिक अध्ययन (99) और लेखाशास्त्र (97) में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। प्रयांगना ने अंग्रेजी (95), भौतिक शास्त्र (95) और रसायन शास्त्र (96) में श्रेष्ठ अंक प्राप्त किए। तनवीर कौर ने जीव विज्ञान में (95) और अक्षिता सासन ने शारीरिक शिक्षा में (95) अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।


बराड़ा। स्कूल स्टाफ के साथ परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

### संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल कॉमर्स संकाय की वंशिका 98.6 फीसदी मार्क लेकर बनी टॉपर

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष कक्षा 10वीं में 136 तथा कक्षा 12वीं में 156 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, और विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में जसप्रीत कौर ने 86.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिलप्रीत कौर, शुभम और वरुण ने 83% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि रूद्र प्रताप एवं अंशुल संगरोहा ने 82% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए। 22 विद्यार्थियों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं में भी विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट परिणाम दिए। कॉमर्स संकाय में वंशिका ने 98.6% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। आट्र्स संकाय में अनमोल माहना ने 93% अंक प्राप्त किए। मेडिकल संकाय में वंश ने 88% एवं यंकिता ने 85% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के कुल 30 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 39 विद्यार्थियों ने 70% या उससे अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय की प्रतिष्ठा को ऊंचाई दी।



बराड़ा। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

### बराड़ा: डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सफलता के साथ रचा इतिहास

**बराड़ा।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम देकर शिक्षा क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न सिर्फ शानदार अंक प्राप्त किए, बल्कि विषयवार टॉप करके अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने। कॉमर्स संकाय में वैभव ने 96.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं नीरज ने 94% और प्रज्ञा शर्मा ने 87% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। साइंस (नॉन-मेडिकल) संकाय में साहिबजोत ने 96.4%, खुशबू ने 94.8% और प्रणव सागर ने 91.2% अंक अर्जित किए। साइंस (मेडिकल) संकाय में कशिश ने 92.8%, प्रशांत ने 90.8% और वर्षा ने 88% अंक प्राप्त किए। ह्यूमैनिटीज संकाय में गौरव ने 83.2%, श्रेया और शगुन ने 79-79% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया। 10वीं कक्षा में वासुदेव सिंह ने 89.4%, चाहत गर्ग ने 88.1%, वंश ने 87.8% और अमृतपाल ने 87.3% अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स ने विषयवार उल्लेखनीय प्रदर्शन किया जिसमें आई.टी. में 52 विद्यार्थियों ने टॉप किया, अंग्रेजी में 42, फिजिकल एजुकेशन में 35, इकोनॉमिक्स में 19, पॉलिटिकल साइंस में 9, इतिहास में 8,हिंदी में 15, बायोलॉजी में 4, गणित में 7, फिजिक्स में 10, केमिस्ट्री में 17, अकाउंटेंसी में 9, बिजनेस स्टडीज़ में 13 विद्यार्थियों ने 99 अंकों के साथ श्रेष्ठता साबित की।